Imperial auto

इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

पर्यावरण सुरक्षा नीति

इंपीरियल ऑटो इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ("आईएआई" ("IAI") या "कंपनी") में हम ज़िम्मेदार कॉरपोरेट संस्था के अनुरूप कार्य करने के प्रति समर्पित हैं जिसके अंतर्गत हम तीन तत्वों - **मनुष्य, धरती और लाभ** के प्रति अटल रूप से प्रतिबद्ध हैं और समाज तथा पर्यावरण दोनों के कल्याण के लिए सक्रिय कदम उठाएंगे।

हम इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए,

1) अपने पर्यावरण संबंधी लक्ष्यों को अपने मिशन और विज़न के अनुरूप निर्धारित करके एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु अपने संचालनों के प्रत्येक पहलू में इन उद्देश्यों को सम्मिलित करके समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने का प्रयास करेंगे।
2) पर्यावरण पर भार को कम करने एवं संसाधनों का अनुकूलन करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे।
3) पर्यावरण को सुरक्षित रखने और प्रदूषण की रोकथाम करने के लिए मानकीकृत प्रक्रियाओं, कार्य विधियों और समीक्षा व्यवस्थाओं को लागू करेंगे।
4) पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारियों और सेवा प्रदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी, निर्देश, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे ताकि वे अपने कार्य पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल कर सकें।
5) ईएमएस (EMS) मानकों का पालन करने के लिए उन्नत आधुनिक तकनीक का प्रयोग करके पर्यावरणीय प्रदर्शन में निरंतर सुधार लाएंगे।
6) हमेशा वैधानिक अनुपालन और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।
7) सुनिश्चित करेंगे कि पर्याप्त संसाधन, समर्थन उपलब्ध हो और प्रत्येक गतिविधि तथा निर्णय लेने की प्रक्रिया में पर्यावरणीय मानकों का समावेशन हो ताकि पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार लाया जा सके।

यह नीति सभी कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों, आगंतुकों और हितधारकों के साथ विभिन्न संचार माध्यमों द्वारा साझा की जाएगी और सभी स्थानों पर इसे प्रदर्शित भी किया जाएगा।

Tarun Lamba

दिनांक : 12.06.2024

प्रबंध निदेशक